# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 08.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस उप महानिरीक्षक मुख्यालय, उ0प्र0पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में नवनिर्मित थाना कठेला समयमाता के प्रचलित/बांधित निर्माण कार्यों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया।

◆संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

श्री अनीस अहमद अंसारी, पुलिस उप महानिरीक्षक मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ द्वारा आज दिनांक 08.06.2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में जनपद सिद्धार्थनगर मे नवनिर्मित थाना कठेला समयमाता के प्रचलित एवं बांधित निर्माण कार्यों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के उपरांत पुलिस उप महानिरीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए । यह निरीक्षण पुलिस विभाग के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने एवं कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, थानाध्यक्ष कठेला समयमाता सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के भी अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 08.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत नौडीहवा बॉर्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा चलाए जा रहे यातायात सम्बन्धी अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के निर्देशन में पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा आज दिनांक **08-06-2025** को थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत नौडीहवा बॉर्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान उन बाइक सवारों को जो हेलमेट नही धारण कर वाहन चला रहे थे, उन्हें रोक कर हेलमेट पहनाया गया। बाइक चलाते समय स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाना अनिवार्य है, इसलिए बिना हेलमेट के वाहन न चलाने हेतु वाहन चालको को बताया गया। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, बाइक पर तीन सवारी बिल्कुल न चलें। इससे स्वयं के साथ ही परिवार को भी परेशानी से बचा सकते है। इस मौके पर चंदन कुमार थानाध्यक्ष खेसरहा सहिंत अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट- दिनांक 08.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ थाना मोहाना पुलिस, पीएसी व एसएसबी के साथ थाना मोहाना के ककरहवा भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 08.06.2025 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस, पीएसी व एसएसबी के साथ थाना मोहाना के ककरहवा भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 08.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

◆आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 08.06.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने तथा अफवाहो से बचने की अपील की गयी।